प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

''मुख्य समाचार''

- केंद्र सरकार ने कहा– देश में घरेलू एल.पी.जी. की आपूर्ति स्थिर– सुचारू प्रबंधन के लिए केंद्र ने उठाए प्रभावी कदम।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– सोलन के चैस्टर हिल में भूमि खरीद मामले की जांच जारी– दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शिमला दौरा 27 अप्रैल से– तैयारियों में जुटा प्रशासन।
- सांसद राजीव भारद्वाज ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं के कार्य में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की आर्थिक बदहाली को बताया चिंताजनक– राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का लगाया आरोप।

गैस आपूर्ति

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद पूरे देश में घरेलू एल.पी.जी आपूर्ति स्थिर है और किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं है। केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इनमें घरेलू एल.पी.जी उत्पादन बढ़ाना, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बुकिंग अवधि बढ़ाना और अवैध बिक्री को रोकने के लिए डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड लागू करना शामिल है। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक आपूर्ति भी 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सोलन में बहुचर्चित चैस्टर हिल हाउसिंग प्रोजैक्ट में प्रारंभिक जांच के दौरान एक सौ 50 बीघा भूमि में अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने आज शिमला में बताया कि एक स्थानीय कृषक के नाम पर करीब 2 सौ 75 बीघा भूमि खरीदी गई जो उनकी आय से मेल नहीं खाती है। नेगी ने बताया कि ये एक गंभीर मामला है और विभागीय स्तर पर जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला दौरे को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज शिमला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारियां तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 27 अप्रैल को शिमला पहुंचेंगी और छराबड़ा स्थित अपने आधिकारिक निवास द–रिट्रीट में रूकेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई तक प्रदेश में रूकने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे राज्य के अन्य ज़िलों का दौरा भी करेंगी। बैठक में उपायुक्त ने कल्याणी हैलीपैड के अलावा अनाडेल हैलीपैड को भी लैंडिंग के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से कहा कि हवाई अड्डे से छराबड़ा तक सड़क को दुरूस्त किया जाए।

दिशा बैठक

सांसद राजीव भारद्वाज ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज धर्मशाला में ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की। राजीव भारद्वाज ने जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि सभी का विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकास कार्यों के लिए भरपूर आर्थिक मदद दे रही है। राजीव भारद्वाज ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में स्थानीय सांसद को न बुलाए जाने पर भी नाराज़गी जताई।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा ज़िले के नागरिक अस्पताल डलहौजी में अल्ट्रासांउड सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है और अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं। पठानिया ने बताया कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 90 करोड़ रूपये की विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही इनका लोकार्पण किया जाएगा। कुलदीप सिंह पठानिया ने एस.डी.एम. कार्यालय के समीप प्रैस कक्ष का उद्घाटन भी किया।

लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सड़कों के निर्माण को राज्य सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है और हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि फागू–चियोग–धमांदरी–सैंज संपर्क सड़क के स्तरोन्नयन कार्य पर 20 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने अनेक स्थानों पर जनसुनवाई भी की और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने बताया कि लोगों की मांग पर शाकीलधार से नहोल तक सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिस पर 7 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया है । उन्होंने आज सिरमौर ज़िले के सराहां व पांवटा साहिब क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों के दौरान अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर भी अपनी गारंटियों को लेकर झूठे दावे कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अभी तक अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं की है और मात्र चुनाव जीतने के लिए झूठ का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए कांग्रेस सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन को ज़िम्मेदार ठहराया। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि राज्य की जनता इस जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है।

अग्निशमन सप्ताह

प्रदेश में अग्निशमन सेवा सप्ताह आज संपन्न हो गया। शिमला के निकट बलदेयां के अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में आज समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आपदा के समय प्राण न्यौछावर करने वाले अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मी आग लगने की घटनाओं के समय अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांग्रेस पार्टी पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर दोहरा मापदंड अपनाने और इसे दशकों तक लटकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दशकों तक देश पर शासन किया लेकिन महिला आरक्षण को कभी भी प्राथमिकता नहीं दी। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जब देश की महिलाओं को उनका हक देना चाहा तो कांग्रेस पार्टी ने तरह–तरह के बहाने बनाकर अपनी राजनीतिक मजबूरी जग–ज़ाहिर की। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक समझा, वहीं भाजपा ने उन्हें नारी शक्ति मानकर उनका वास्तविक अधिकार सुनिश्चित किया।

राजीव भारद्वाज

दूसरी ओर सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा में पारित होने से रोक कर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने आज धर्मशाला में कहा कि इस विधेयक को पारित न होने देना देश की आधी आबादी के अधिकारों का हनन है।

पांगी मांग

चंबा ज़िले में जनजातीय पांगी घाटी की शौर व पुर्थी पंचायत में पिछले एक हफ्ते से बी.एस.एन.एल. की 2–जी और 4–जी की सेवाएं ठप्प पड़ने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शौर

पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने निगम प्रबंधन और पांगी प्रशासन से क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क सेवाएं जल्द बहाल करने का आग्रह किया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केंद्र सरकार ने कहा– देश में घरेलू एल.पी.जी. की आपूर्ति स्थिर– सुचारू प्रबंधन के लिए केंद्र ने उठाए प्रभावी कदम।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– सोलन के चैस्टर हिल में भूमि खरीद मामले की जांच जारी– दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शिमला दौरा 27 अप्रैल से– तैयारियों में जुटा प्रशासन।
- सांसद राजीव भारद्वाज ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं के कार्य में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की आर्थिक बदहाली को बताया चिंताजनक– राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का लगाया आरोप।

---------------------------------------------------------------------------------------------------